garudexpress7@gmail.com www.garudexpress.com youtube.com/@garudexpress1542 93011 65813



साप्ताहिक
RNI - MPHIN/2022/86458

# गरुड़ एक्सप्रेस

संपादक : राजेश लक्षकार

• वर्ष - 02 • अंक - 20 • पृष्ठ - 8 | नीमच | बुधवार, 13 मार्च 2024 | • प्रति मूल्य - 5 रु. • वार्षिक शुल्क - 250 रु.

GST No. 23CJZPN1646K1ZL
प्रो. निलेश पाटीदार
॥ श्री गणेशाय नमः ॥
M. 6261469354
M. 9589096680
M. 7000631234
एस पी ब्रैकेट्रस
सीमेन्ट से बनी हुई ईट, पेवर ब्लॉक आदि मिलने का एक मात्र स्थान
पता- नीमच रोड़ जीरन, जिला- नीमच (म.प्र.)



# कन्या छात्रावास की जमीन पर हो रहा अवैध कब्जा

## पत्थरों की दीवार बनाकर की जा रही घेराबंदी प्रशासन बना मूकदर्शक

तहसील मुख्यालय जीरन से महज पांच सौ मीटर की दूरी पर सोसायटी गोदाम के सामने चीताखेड़ा रोड़ स्थित राजस्व विभाग की जमीन पर कुछ अवैध कब्जेधारियों द्वारा शासन की बेशकीमती जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। हालांकि 3 साल पहले ही उक्त जमीन को कन्या छात्रावास को आवंटित कर दी गई है। लेकिन मौके पर मौजूद अवैध अतिक्रमणकारियो के कब्जे को नहीं हटाये जाने और सीमांकन न होने से यह जमीन आदिम जाति कल्याण विभाग को देने की प्रक्रिया अभी पूरी नही हो पाई है।





### इनका कहना

जानकारी सामने आने के बाद आदिम जाति विभाग को सूचित कर दिया है। जल्द ही जमीन को अतिक्रमण मुक्त कर कन्या छात्रावास की आवंटित भूमि का सीमांकन कर रहे है।

• **नवीन गर्ग**
तहसीलदार, जीरन

• **गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क**

**जीरन। जीरन नगर का लगातार विस्तार होता जा रहा है। चीताखेड़ा रोड पर ही व्यापक रूप से व्यवसायिक विस्तार भी हो रहा है। कृषि उपज मंडी और सोसायटी गोदाम का विकास होने से बेशकीमती जमीनों पर अपनी गिद्ध नजर गढ़ाए बैठे जमीन चोट्टो की नजर में यह बेशकीमती जमीन चमक रही है।**

मिली जानकारी के अनुसार आदिम जाति कल्याण विभाग नीमच द्वारा दिनांक 30/10/2019 को कलेक्टर नीमच को एक पत्र लिखकर बताया कि शा. कन्या उ.मा. विद्यालय का नया भवन बनकर तैयार हो चुका है। उक्त स्कूल के पास शासकीय भूमि उपलब्ध नही होनें पर अन्य स्थान पर अनुसूचित जाति की कन्याओं की सुविधा एवं सुरक्षा की दृष्टि से उपर्युक्त भूमि चिन्हांकित कर भूमि आबंटन करने का अनुरोध किया गया था।

• शेष 6 पर

पूनमचंद राजोरा (साहू)
8109173122
8109573122
श्री सिद्धी विनायक इन्टरप्राईजेस
जीरन, जिला-नीमच (म.प्र.)
• एलएनटी मशीन कुआं खोदने के लिए सम्पर्क करें। 35, 40, 45, 50 फीट
• आड़े एवं खड़े होल बोरवेल्स के लिए सम्पर्क करें।
• खेत लेवल सेंसर वाली मशीन से किया जाता है।
• जेसीबी व डंपर संबंधित सभी कार्य किए जाते हैं।
• रेती, गिट्टी भी उपलब्ध करवाई जाती है।

प्रो. दशरथ पाटीदार
M. 9407115575
7000673683
शिवना
बर्फ फैक्ट्री एण्ड RO वाटर
पक्के बर्फ के निर्माता व विक्रेता।
बर्फ से शिवलिंग बनाई जाती है।
घर पहुँचाने के लिये वाहन सुविधा
पता- पाटीदार धर्मशाला के पास कमरिया माता रोड़ जीरन (म.प्र.)

रोहित पाटीदार 8349115354
ऑफिस 8349187717
आदित्य सोनी 8087262524
श्रीनाथजी स्टोन क्रेशर
आधुनिक कोण क्रेशर द्वारा निर्मित
✲ काली गिट्टी ✲ काली रेत (4mm-2.50mm)
उच्च क्वालिटी- उचित दाम ✲ 24 घण्टे सेवा उपलब्ध
कुँचड़ौद (जीरन), जिला- नीमच (म.प्र.)

# पत्रकार समाज के वंचित लोगों की आवाज शासन तक पहुंचाता है- विधायक

## जिला प्रेस क्लब के शपथ ग्रहण समारोह में पत्रकारों की सुरक्षा को दिया महत्व, किया हेलमेट वितरण

• गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क





**नीमच। जिला प्रेस क्लब नीमच रजिस्टर्ड का शपथ ग्रहण समारोह,कार्ड और हेलमेट वितरण कार्यक्रम शनिवार को स्थानीय अटल बिहारी वाजपेई सभागृह टाउन हॉल नीमच पर आयोजित किया गया जो नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार, जावद विधायक पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा, जिला कलेक्टर दिनेश जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष पवन पाटीदार, नीमच नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति गौरव चोपड़ा के आतिथ्य में संपन्न हुआ।**

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत ,माला, दुपट्टाओड़ा कर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों का शाल व स्मृति चिन्ह और हेलमेट प्रदान कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में जिला प्रेस क्लब के जिले भर के सक्रिय सदस्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम में विधायक दिलीप सिंह परिहार ने नवीन कार्यकारिणी को शपथ दिलाते हुए बधाई दी और उज्वल भविष्य की कामना की साथ ही पत्रकारों की समस्याओं के निदान के लिए हमेशा तत्पर रहने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर दिलीप सिंह परिहार ने कहा कि पत्रकार समाज के साथ शासन ,प्रशासन और हम नेताओं को भी नई दिशा प्रदान करते हैं। कहीं हमारी कोई गलती होती है तो उसे भी पत्रकार उजागर कर उसे सुधारने का मार्ग दिखाते हैं। वर्तमान समय में पत्रकारिता का कार्य एक चुनौती पूर्ण कार्य है। पत्रकार समाज के साथ-साथ राष्ट्र के उत्थान में भी महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करता है। समाज के वंचित लोगों की आवाज शासन तक पहुंचा कर उनकी मदद करता है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष पवन पाटीदार में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता का कार्य और भी चुनौतीपूर्ण हो गया है, पत्रकार को उसके कार्य में कई बार बुराई भी मोल लेना पड़ती है। श्री पाटीदार ने कहा कि पत्रकारिता व राजनीति का क्षेत्र एक पर्याय है। जिसमें चुनौतियों का भी सामना समय-समय पर करना पड़ता है पत्रकारों व राजनेता पर अनेक बार आरोप लगते रहते हैं और उसके कारण उन्हें अनेक परेशानियां भी उठाना पड़ती है। कार्यक्रम को नीमच नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति गौरव चोपड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि राजनीति का क्षेत्र बड़ा ही कठिन है और वैसा ही पत्रकारिता का क्षेत्र भी है हमें समाज व शहर के हित में अच्छा कार्य करना चाहिए और अच्छे कार्य में अनेक परेशानियां वह चुनौतियां आती है जिसका सामना करना होता है हमें हमेशा सही सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

### पूर्व मंत्री व कलेक्टर ने की सराहना

शपथ विधि समारोह के कार्यक्रम के प्रथम चरण में पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा और नीमच जिला कलेक्टर दिनेश जैन पहुंचकर सभी नवनिर्वाचित प्रादाधिकारियों को शुभकामनाएं दी और हेलमेट वितरण कार्य का शुभारंभ करते हुए पत्रकारों को जिला प्रेस क्लब द्वारा हेलमेट वितरित करने के कार्य की सराहना करते हुए कहा यह कार्य निश्चित ही समाज के लिए प्रेरणादाई है पत्रकार मित्र रात दिन गांव और शहर में भ्रमण करते हैं जिसके कारण उन्हें इसकी आवश्यकता ज्यादा रहती है यह कार्य सराहनीय है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रेस क्लब के संस्थापक अध्यक्ष राहुल जैन ने अपने कार्यकाल में किए गए कार्य की जानकारी देते हुए उसके लिए सहयोग प्रदान करने के लिए सभी पत्रकारो को धन्यवाद दिया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष विष्णु मीणा ने उनको दिए गए दायित्व के निर्वहन के लिए भरोसा जताते हुए अपेक्षा पर खडा उतरने का आश्वासन दिया साथ ही उन्होंने कहा कि निर्वाचन में कोर कमेटी द्वारा जोरवेया अपनाया गया उससे पत्रकार मित्रों को परेशानी का सामना करना पड़ा,इसलिए निर्णय लेते हुए जिला कोर कमेटी को तत्काल प्रभाव से भंग करने की घोषणा की। जिला प्रेस क्लब सचिव राजेश लक्षकार ने भी संबोधित करते हुए कहा कि एक समय था जब पत्रकार बनना थोड़ा मुश्किल था लेकिन आज पत्रकार आसानी से बन जाते हैं, मुश्किल है तो पत्रकारिता के मूल्यों को जीवित रखना। पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करते समय पत्रकारों को कई समस्याओं से झूजना पड़ता है खासकर ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारों की बड़ी समस्याएं हैं। इन समस्याओं को निराकरण करने के लिए पत्रकारों के संगठन बनते हैं जिला प्रेस क्लब नीमच जिले का रजिस्टर्ड प्रेस क्लब है जिसका मूल उद्देश्य पत्रकारों के हितों की रक्षा करना है।

**नवीन कार्यकारीणी ने ली शपथ...** नीमच जिला प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विष्णु मीणा, सचिव राजेश लक्षकार, उपाध्यक्ष राकेश मालवीय, कोषाध्यक्ष राजेश भंडारी ,सह सचिव बी एल दमानी और कार्यकारिणी सदस्य भानुप्रिया बैरागी, महावीर चौधरी ने शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम का संचालन कन्हैया सीहल द्वारा किया गया वह अंत में आभार कोषाध्यक्ष राजेश भंडारी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिले के पत्रकार के साथ नीमच के गणमान्य जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन स्नेह भोज, हेलमेट वितरण के साथ हुआ,साथ ही सदस्यों को पेन और डायरी भी वितरित किये गए।

# महाशिवरात्रि पर किलेश्वर महादेव के साथ किए बाबा बर्फानी के दर्शन






• गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क

**जीरन।** नगर के प्राचीन किले पर विराजित भगवान किलेश्वर महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि पर्व प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बड़े ही उत्साह एवं धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया।

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर श्री किलेश्वर महादेव मन्दिर समिति द्वारा मन्दिर परिसर की विशेष साज सज्जा की गई है। शुक्रवार 8 मार्च को सुबह से ही मन्दिर में भगवान किलेश्वर महादेव के दर्शन एवं पूजन हेतु भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी हैं। भक्तो द्वारा इस अवसर पर विशेष अभिषेक अनुष्ठान भी किये गए। दिन भर भक्तगण अभिषेक पूजन एवं दर्शन के लिए किलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचें। दोपहर पश्चात भगवान किलेश्वर महादेव का विशेष श्रृंगार किया गया। मन्दिर के सामने ही शिवना बर्फ फेक्ट्री के सौजन्य से बाबा बर्फानी की आकर्षक झांकी सजाई गई।

बर्फ से बने शिवलिंग के दर्शन कर दर्शनार्थियों ने अपने मोबाइल के कैमरे में कैद किया। भरी दुपहरी से लेकर पूरी रात बर्फ का शिवलिंग मौजूद रहा। रात्रि 8 बजे भगवान किलेश्वर महादेव की महाआरती की गई। जिसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर हजारों की तादात में भक्तो ने किलेश्वर महादेव मंदिर पहुंच कर दर्शन किये।

।।श्री गणेशाय नमः।।
श्री मंशापूर्ण यात्रा संघ
जीरन, जिला-नीमच (म.प्र.)
हिमालय दर्शन, हरिद्वार, ऋषिकेश, यमनोत्री, गंगोत्री, उत्तरकाशी, केदारनाथ, श्री बद्रीविशालजी माना, सरस्वती दर्शन
उत्तराखण्ड के चार धाम की यात्रा
25 से 27 दिवसीय यात्रा
2x2 लक्झरी बस द्वारा
प्रति यात्री किराया
22501/- रुपये
प्रस्थान दिनांक : 13 मई 2024
अयोध्या यात्रा
जीरन से पुष्कर जी, सालासार बालाजी, खाटु श्याम, मेहन्दीपुर बालाजी, गोकुल, मथुरा, वृन्दावन, अयोध्या रामलला के दर्शन, बनारस, काशी विश्वनाथ ज्योर्तिलिंग, प्रयागराज (इलाहाबाद), चित्रकूट से जीरन यात्रा
समय अवधि 8 दिन
यात्रा प्रस्थान दिनांक - मार्च 2024
2x2 स्लीपर कोच बस द्वारा यात्रा
चाय नास्ता भोजन सहित *2100/- रू. देकर अपनी स्लीपर बुक कराये
प्रति यात्री किराया - 8001/
-: व्यवस्थापक :-
सुरेश मुकाती मो. 8109210229
लोकेश मुकाती मो. 7000736940
राकेश पाटीदार, नीमच मो. 9424531032

# उपभोक्ताओं को वास्तविक खपत का विद्युत देयक ही दें : श्री जैन

## कलेक्टर ने की जनसुनवाई... 87 लोगो की सुनी समस्याएं



• गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क

**नीमच।** उपभोक्ताओं से अधिक राशि का विद्युत देयक वसूल नहीं किया जाए। वास्तविक खपत के अनुसार ही विद्युत देयक प्रदान कर भुगतान प्राप्त करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने मंगलवार को कलेक्टोरेट में जनसुनवाई करते हुए चल्दू निवासी श्री राजेन्द्र सिह के आवेदन पर कार्यवाही करते हुए म.प्र.प.क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री को दिए। कलेक्टर ने राजेन्द्र सिह को अधिक राशि का विद्युत बिल देने पर आवेदन का निराकरण करने के निर्देश भी संबंधित को दिए। जनसुनवाई में कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद ने कुल 87 आवेदकों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई में कलेक्टर जैन ने नीमच तहसील के ग्राम धामनिया निवासी अमरनाथ, एवं समस्त कालबेलिया समाज की ओर से कालबेलिया समाज के शमशान के लिए भूमि आवंटन करने संबंधी आवेदन पर एसडीएम नीमच को परीक्षण कर, प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में कनावटी की बगदीबाई, परलाई के जाकिर, लसुडियाआंत्री के गणेश, कुकडेश्वर के श्यामलाल, उपरेड़ा के नन्दकिशोर, चंगेरा के धनसिह राजपूत, भाटखेडी बुजुर्ग के कारूलाल, हनुमंतिया के देवीलाल, कुकडेश्वर के राधेश्याम, अम्बेडकर कॉलोनी नीमच के विशाल, सरवानिया मसानी के नानालाल, आंत्रीबुजुर्ग के प्रभुलाल, परसराम, गजेन्द्र, गिरदौडा के सुनील जाटव, जुनासाथ मनासा की कौशल्याबाई, कुम्हारा गली नीमच के सलीम खान, उगरान के मोहनदास बैरागी, बघाना के परमेश्वर राठौर, छाछखेडी के प्रहलाद मीणा, जावद के इकबाल, छाछखेडी के कैलाशचंद्र, रूपारेल के भगत आदि ने भी जनसुनवाई में अपनी समस्याएं सुनाई।

# राज्यपाल द्वारा कलेक्टर दिनेश जैन सम्मानित

• गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क



**नीमच।** राजभवन भोपाल में सोमवार को आयोजित एक कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल द्वारा सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर नीमच जिले से प्रदेश में सर्वाधिक राशि संग्रहित कर, सैनिक कल्याण के खाते में जमा करवाने पर नीमच कलेक्टर श्री दिनेश जैन को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजभवन में प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ल एवं श्री संजय दुबे व अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने नीमच जिले को हासिल हुए इस सम्मान के लिए जिले की स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, विभिन्न क्लबों, अधिकारी-कर्मचारी संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, सभी एसोसिएशन के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों और मीडिया के साथियों तथा जिले के नागरिकों को दिया है। उन्होने कहा, कि यह सम्मान सभी नीमच जिलेवासियों को समर्पित है।

# जीरन कॉलेज ने प्रथम बार की राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में सहभागिता

• गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क



**जीरन।** शासकीय महाविद्यालय जीरन की प्रभारी प्राचार्य प्रो दिव्या खरारे के निर्देशन में व रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ ज्ञान सिंह बघेल के मार्गदर्शन में म.प्र.राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर जिला राजगढ़ (ब्यावरा) पचोर पनवाड़ी में दिनांक 3 मार्च से 9 मार्च 2024 तक आयोजित शिविर में विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता कर लौटे स्वयंसेवक गौरव पाटीदार ने प्रथम बार महाविद्यालय की ओर से राज्य स्तरीय शिविर में सहभागिता कर जीरन नगर का नाम गौरवान्वित किया । शिविर में मध्यप्रदेश के विभिन्न महाविद्यालय से रासेयो स्वयंसेवक ने सहभागिता कर संस्कृति कार्यक्रम एवं खेल गतिविधियों के साथ आयोजित शिविर स्थल पर नागरिकों को सामाजिक कल्याण हेतु कार्य करने के लिए जागरूक किया । इस अवसर पर रासेयो स्वयंसेवक एवं महाविद्यालयीन स्टॉफ द्वारा उन्हें सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। इस अवसर पर दीपक पाटीदार,डॉ विष्णु निकुम, प्रो रजनीश मिश्र आदि उपस्थित थे।उक्त जानकारी रासेयो प्रभारी डॉ ज्ञानसिंह बघेल ने दी।









## संपादकीय

### शाकाहारी थाली सात फीसद तक महंगी, कीमतों में इजाफे से आम लोगों का बिगड़ा बजट

ठंड के मौसम में आमतौर पर हरी सब्जियों का उत्पादन और आपूर्ति ठीकठाक होने की वजह से बाजार में उसकी कीमतें भी काफी नरम रहती हैं।

कुछ समय पहले हरी सब्जियों की कीमतों में आई नरमी की वजह से महंगाई से उपजी परेशानी से जो राहत दिखने लगी थी, अब वह फिर से सिर उठाने लगी है। बाजार में खुदरा वस्तुओं के दाम में तेजी ने कई लोगों की थाली पर असर डालना शुरू कर दिया है। यों खाने-पीने के सामान की कीमतों में आई उछाल ने बीते महीने ही लोगों को आने वाले दिनों के संकेत दे दिए थे।

'क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस' की ताजा रपट के मुताबिक महंगाई की मार का ज्यादा असर शाकाहारी थाली पर पड़ा है। खासकर प्याज और टमाटर के दाम में सालाना आधार पर क्रमशः 29 फीसद और 38 फीसद की बढ़ोतरी हो गई। इसकी वजह से शाकाहारी थाली सात फीसद तक महंगी हो गई। स्वाभाविक ही कीमतों में इस बढ़ोतरी ने लोगों में इनके उपयोग को लेकर हिचक पैदा की है। चूंकि भोजन में प्याज और टमाटर की खासी भूमिका रहती है, इसलिए मांसाहारी थाली पर भी इसका असर पड़ा है। हालांकि इस अवधि के दौरान मांसाहारी भोजन में कुछ कमी दर्ज की गई। दरअसल, आम उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें ऊंची होती हैं तो लोग उनकी खरीदारी को लेकर कई बार प्राथमिकता का निर्धारण करने लगते हैं। कम जरूरी चीजों की खरीदारी बाद के लिए टाल दी जाती है, मगर खाने-पीने सहित कुछ अनिवार्य चीजों की कीमतें कई बार घर के बजट को असंतुलित कर देती हैं। आमतौर पर शाकाहार के अभ्यस्त लोगों के खानपान में प्याज-टमाटर एक जरूरी हिस्सा होता है, जो उनकी थाली की सब्जियों में स्वाद भरता है। मगर इनके साथ-साथ अब अन्य हरी सब्जियों के दाम ने भी शाकाहार के सामने चुनौती पेश की है। यों ठंड के मौसम में आमतौर पर हरी सब्जियों का उत्पादन और आपूर्ति ठीकठाक होने की वजह से बाजार में उसकी कीमतें भी काफी नरम रहती हैं। मगर इस वर्ष लगभग सभी हरी सब्जियों के दाम जिस स्तर पर स्थिर रहे, उसे इनका सस्ता होना नहीं कहा जा सकता। अगर खासी तादाद में लोग सब्जी खरीदते हुए हाथ खींचने लगते हैं, तब इसका मतलब है कि बाजार में कीमतों को लेकर सरकार को जरूरी कदम उठाने की जरूरत है।

## होली पर न सिर्फ लगेगा ग्रहण बल्कि

# सूर्य-राहु की युति भी खतरनाक

होली पर चंद्रग्रहण के साथ-साथ मीन राशि में ग्रहण योग का साया रहेगा। ज्योतिष में ग्रहण योग को शुभ नहीं माना जाता है।

### कुछ राशि वालों को रहना होगा बचके



### इन राशि वालों को रहना होगा सावधान

होली पर चंद्रग्रहण के साथ-साथ मीन राशि में ग्रहण योग का साया रहेगा। ऐसे में इसका प्रभाव सभी राशि के जातकों पर पड़ेगा। लेकिन कन्या, तुला , धनु ,मकर और कुंभ राशि के जातकों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने के संकेत हैं। कार्यों में बाधाएं आएंगी। धन हानि होगी। कार्यक्षेत्र में असफलताएं मिलेगी। नौकरीपेशा जातकों को काम में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। आर्थिक मोर्चे में नुकसान हो सकता है और सेहत में गिरावट आ सकती है।

ज्योतिष शास्त्र के नजरिए से इस वर्ष की होली बहुत ही खास रहने वाली है। होली पर साल का पहला चंद्र ग्रहण लगेगा। चंद्र ग्रहण के साथ-साथ एक दूसरा भी खतरनाक योग भी बनेगा। दरअसल यह खतरनाक योग सूर्य और राहु के युति से बनेगा। होली पर चंद्र ग्रहण का साया तो रहेगा ही साथ ही सूर्य और राहु की युति से एक ग्रहण योग भी बनेगा। ज्योतिष में ग्रहण योग को शुभ नहीं माना जाता है। होली पर चंद्र ग्रहण और सूर्य-राहु की युति से बना ग्रहण योग का नकारात्मक प्रभाव कई राशियों के जातकों पर पड़ेगा। आइए जानते हैं होली पर चंद्र ग्रहण और सूर्य-राहु की युति से बने ग्रहण योग के बारे में सबकुछ....

### होली 2024 और चंद्र ग्रहण का साया

हिंदू पंचांग के अनुसार हर वर्ष फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथि की रात्रि को होलिका दहन किया जाता है। फिर इसके अगले दिन रंगों की होली खेली जाती है। इस बार होलिका दहन 24 मार्च को है और होली 25 मार्च को मनाई जाएगी। इसके अलावा इस बार होली के दिन ही साल 2024 का पहला चंद्रग्रहण भी लगेगा। यह चंद्र ग्रहण एक उपच्छाया चंद्रग्रहण होगा जो भारतीय समय के अनुसार सोमवार 25 मार्च को सुबह 10 बजकर 23 मिनट से शुरू होगा और इसका समापन दोपहर 03 बजकर 02 मिनट पर होगा। भारत में इस चंद्र ग्रहण को नहीं देखा जा सकेगा। इस कारण से इसका सूतककाल मान्य नहीं होगा। साल का यह पहला चंद्र ग्रहण इटली, जर्मनी, फ्रांस, हालैंड, बेल्जियम, दक्षिण नॉर्वे, स्विटजरलैंड, उत्तरी व दक्षिणी अमेरिका, जापान, रूस के पूर्वी भाग, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में दृश्यमान होगा।

### होली पर ग्रहों की चाल

इस वर्ष होली पर चंद्र ग्रहण के साथ-साथ मीन राशि में ग्रहण योग का साया भी रहेगा। इसके अलावा 25 मार्च को होली के ठीक एक सप्ताह पहले 18 मार्च को शनि ग्रह उदय होंगे। फिर होली के पहले सूर्य का राशि परिवर्तन भी होगा। सूर्य कुंभ राशि की यात्रा को विराम देते हुए मीन राशि में प्रवेश करेंगे। जहां पर राहु पहले से ही मीन राशि में विराजमान हैं। ऐसे में होली पर चंद्र ग्रहण के साथ-साथ मीन राशि में सूर्य-राहु की युति भी बनेगी। वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जब भी राहु, सूर्य और चंद्रमा की युति होती तो ग्रहण योग का निर्माण होता है। ज्योतिष में ग्रहण योग को अशुभ योग माना जाता है। इस तरह से होली पर चंद्र ग्रहण के साथ साथ मीन राशि में सूर्य-राहु की युति से खतरनाक योग भी बनेगा। ऐसे में कुछ राशि वालों के लिए इस तरह का योग बहुत ही खतरनाक साबित हो सकता है।

## दैनिक राशिफल

**मेष**



जो जातक नौकरी में बदलाव की योजना बना रहे थे, तो उन्हें किसी दूसरी नौकरी के ऑफर आ सकता है। पार्टनरशिप में कोई डील फाइनल नहीं करनी है, नहीं तो कोई नुकसान हो सकता है।

**वृष**



कोई डील यदि लंबे समय से अटक रही थी, तो वह फाइनल हो सकती है। पिताजी की किसी गलत बात पर हां से बचना होगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाना पड़ सकता है।

**मिथुन**



परिवार में किसी सदस्य को रिटायरमेंट मिलने से सरप्राइज पार्टी का आयोजन हो सकता है। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे। नौकरीपेशा के बॉस आज उनके कामों से प्रसन्न रहेंगे।

**कर्क**



आय को बढ़ाने के प्रयासों में तेजी लाएंगे, जिनमें आप सफल रहेंगे। विद्यार्थियों का ध्यान पढ़ाई लिखाई से हटकर इधर-उधर के कामों में लग सकता है, जिससे उनकी परीक्षा में समस्या होगी।

**सिंह**



पिताजी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है और आपको कोई बड़ा निवेश करने से बचना होगा। संतान को यदि आप कोई जिम्मेदारी देंगे, तो वह उस पर खरी उतरेगी।

**कन्या**



खर्चों को लेकर परेशान रहेंगे और पिताजी खर्चों का लेखा-जोखा मांग सकते हैं। संतान की संगति की ओर विशेष ध्यान देना होगा। पुरानी योजना की शुरुआत की थी, तो वह गति पकड़ सकती हैं।

**तुला**




आप धार्मिक आयोजनों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे, जिससे आपकी छवि और निखरेगी। यदि आप किसी योजना को लेकर लंबे समय से परेशान चल रहे थे, तो वह भी दूर होगी।

**वृश्चिक**



सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएंगे और किसी काम में यदि कुछ समस्या आ रही थी, तो उसके लिए अपने पिताजी से बातचीत करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**धनु**



कार्यक्षेत्र में सोच समझ से लाभ उठाएंगे और लोग भी सहयोगी नजर आएंगे, लेकिन कुछ ईर्ष्यालु लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है। किसी काम के पूरा न होने से समस्या होगी।

**मकर**



बिजनेस कर रहे लोगों को अपनी आय व्यय में संतुलन बनाकर चलना होगा, नहीं तो आप धन अत्यधिक खर्च करेंगे। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**कुंभ**



बिजनेस के किसी काम को लेकर लंबी दूरी पर जा सकते हैं, जो आपके लिए नुकसानदायक रहेगी, क्योंकि वाहन की अकस्मात खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है।

**मीन**



बिजनेस की योजनाओं से अच्छा लाभ न मिलने से मन परेशान रहेगा। यदि बिजनेस में कुछ नई योजनाओं की शुरुआत की थी, तो उनसे मन मुताबिक लाभ न मिलने से आपका मन परेशान रहेगा।

# काले चने की यह दो टॉप किस्में देगी बंपर पैदावार

इस समय रबी सीजन की बुवाई अंतिम दौर में चल रही है। रबी की फसलों में गेहूं के बाद चने का अपना एक महत्वपूर्ण स्थान है। चने के बाजार में रेट भी अच्छे मिल जाते हैं। ऐसे में चने की खेती किसानों के लिए काफी लाभकारी साबित हो रही है। इसमें काले चने की खेती से किसानों को काफी बेहतर लाभ प्राप्त हो सकता है। काला चना स्वास्थ्यप्रद गुणों से भरपूर होता है, इसलिए इसकी डिमांड बाजार में काफी रहती है। खास बात यह है कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने लंबे शोध के बाद काले चने की इन दो किस्मों को मंजूरी दी है। बता दें कि काले चने का भाव, सादा चने के अपेक्षा बाजार में अधिक मिलते हैं। ऐसे में काले चने की खेती से किसान अधिक मुनाफा प्राप्त कर सकते हैं।



### काले चने की कोटा देसी चना 2 किस्म

कोटा देसी चना 2 की किस्म मध्यम लंबे आकार की किस्म है। इस किस्म में प्रोटीन की मात्रा 18.77 प्रतिशत पाई गई है। इसके बीज भूरे रंग के होते हैं। इसकी उपज क्षमता की बात करें तो कोटा देसी चना 2 की पैदावार पूसा चना 4005 की औसत उपज 16-17 प्रतिशत अधिक है। इस किस्म को आंध्र प्रदेश और कर्नाटक की जलवायु के लिए तैयार किया गया है। बताया जा रहा है कि यह किस्म मौजूदा चने की किस्मों की तुलना में उच्च रोग प्रतिरोधक क्षमता वाली है।

### काले चने की कोटा देसी चना 3 किस्म

काले चने की दूसरी किस्म कोटा देसी चना 3 में प्रोटीन की मात्रा 20.25 प्रतिशत पाई गई है। यह किस्म यांत्रिक कटाई के लिए उपयुक्त बताई जा रही है। इसकी पैदावार की बात करें तो इससे औसत उपज 15.57 क्विंटल प्रति हैक्टेयर तक प्राप्त की जा सकती है। यह किस्म असम, झारखंड और बिहार जैसे पूर्वोत्तर राज्यों के लिए उपयुक्त है।

बता दें कि आईसीएआर की मंजूरी के बाद, इन किस्मों का जल्द प्रारंभिक प्रदर्शन शुरू होगा। किसानों के बीच वितरण करने के लिए बीज तैयार किए जाएंगे। अभी इस दिशा में काम किया जा रहा है।

### काले चने अन्य बेहतर पैदावार देने वाली किस्में

उपरोक्त किस्मों के अलावा चने की कई बेहतर किस्में हैं जो अच्छा उत्पादन देती हैं। काले चने की कुछ बेहतर किस्में इस प्रकार से हैं

### काले चने की टी-9 किस्म

काले चने की टी-9 किस्म जल्दी पकने वाली किस्म है। यह किस्म करीब 65 से 70 दिन में तैयार हो जाती है। यह किस्म झाड़ीदार होने के साथ ही मध्यम आकार के बीज देने वाली किस्म है। यह उच्च उपज क्षमता देने वाली किस्म है। खास बात यह है कि यह किस्म विभिन्न प्रकार की जलवायु में उगाई जा सकती है।

### काले चने की एडीटी 3 किस्म

काले चने की एडीटी 3 किस्म के दाने मोटे और चमकदार होते हैं। इसे तैयार होने में करीब 70 से 75 दिन का समय लगता है। यह किस्म उच्च उपज क्षमता के साथ ही जलभराव की स्थिति के प्रति सहनशील किस्म मानी जाती है। इस किस्म के चने की खेती दक्षिण राज्यों में काफी होती है।

### काले चने की पीयू- 30 किस्म

काले चने की यह किस्म मध्यम आकार के मोटे बीज वाली किस्म है। यह किस्म शुष्क और बारिश आधारित परिस्थितियों में भी उच्च उपज देती है। यह किस्म फफूंदी और पीला मोजेक रोग के प्रति प्रतिरोधी है। इस किस्म को तैयार होने में करीब 80 से 85 दिन का समय लगता है।

### काले चने की टीएयू- 1 किस्म

काले चने की यह लोकप्रिय किस्म है जिसे बरसात और बरसात के बाद दोनों मौसम में उगाया जा सकता है। इस किस्म को तैयार होने में 75 से 80 दिन का समय लगता है। इस किस्म की खास बात यह है कि इसे विभिन्न प्रकार की मिट्टी में उगाया जा सकता है। इस किस्म के दाने मध्यम आकार के होते हैं। यह कीटों और रोगों के प्रति मध्यम प्रतिरोधी किस्म है।

### काले चने की टी-21 किस्म

यह काले चने (उड़द) की उच्च उपज देने वाली किस्म है। इसे विभिन्न प्रकार की जलवायु में उगाया जा सकता है। यह झाड़ीदार किस्म है जिसे पकने में करीब 70-75 दिन का समय लगता है। इसके बीज काले रंग के होते हैं और यह किस्म उड़द दाल के लिए काफी अच्छी है।

### काले चने की एमपीके- 179 किस्म

काले चने की यह किस्म महाराष्ट्र के राहुरी स्थित महात्मा फुले कृषि विश्वविद्यालय ने विकसित की है। यह किस्म मध्यप्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा तथा छत्तीसगढ़ की जलवायु के लिए अनुकूल मानी गई है। चने की इस किस्म को जलवायु व मिट्टी की किस्म के अनुसार एक या दो सिंचाई की आवश्यकता होती है। यह किस्म 110 से 120 दिन में पककर तैयार हो जाती है। इसकी एक एकड़ में करीब 10 से 12 क्विंटल पैदावार प्राप्त की जा सकती है।

### क्या है काले चने का बाजार कीमत/भाव

वर्तमान बाजार दरों के अनुसार काला चना का औसत भाव 8731.19 रुपए प्रति क्विंटल है। सबसे कम बाजार कीमत 4242 रुपए प्रति क्विंटल है और सबसे उच्च बाजार की भाव 14,000 रुपए प्रति क्विंटल चल रहा है।

## घर पर लगे पौधे खिल उठेंगे, बस कर लें ये काम! एक भी मुरझाया हुआ नहीं दिखेगा

कई बार मौसम बदलते के कारण पौधे मुरझा जाते हैं. लेकिन कई बार पौधे बिल्कुल भी देखभाल ना होना या अति अधिक देखभाल भी उसके मुरझाने का कारण बन सकती है. आज हम आपको बताएंगे कि कैसे आप प्लांट्स को मुरझाने से बचा सकते हैं या फिर मुरझाए हुए पौधे को एक बार फिर से तैयार कर सकते हैं।

सभी को पता है कि हाउस प्लांट्स को पानी की जरूरत होती है. लेकिन ज्यादा पानी पौधे को मार भी सकता है. किस पौधे को कितना पानी चाहिए, इसका पता उसकी मिट्टी से लगाया जा सकता है. अगर मिट्टी बेहद ज्यादा सूखी है, तो पौधे को ठीक से पानी दें. यदि हल्की नम दिखती है, तो बहुत पानी नहीं देना चाहिए. इसके अलावा आप एक निश्चित समय तय करें की कब पानी दें.

जब पौधा पूरी तरह से सूखने लगा है, तो उसे प्रूनिंग करना सबसे अच्छा होगा. ऊपरी मिट्टी की गुड़ाई करने के बाद सूखी पत्तियों को हटा दें. इसके बाद गोबर की खाद इसमें डालें. गोबर की खाद सूखे हुए पौधों के लिए अच्छा ऑप्शन है. इस समय पौधे को लिक्विड फर्टिलाइजर से भी नुकसान हो सकता है. धूप हाउस प्लांट्स के लिए भी महत्वपूर्ण है. ओवर-सनलाइट या अंडर-सनलाइट की कमी से भी कई पौधे मर जाते हैं. इसलिए आप धूप का भी खास ध्यान रखें.

**इन बातों का रखें ध्यान...** ग्रोथ सीजन के दौरान पौधे को न्यूट्रिएंट्स मिलने के लिए फर्टिलाइजर की जरूरत होती है. पौधा मरेगा नहीं अगर मिट्टी में पोषक तत्व रहेंगे. इसलिए आप कम्पोस्ट कर सकते हैं. हाउस प्लांट्स बीमार हो सकते हैं या कीड़ों से मर सकते हैं. इसलिए समय-समय पर कीटनाशक स्प्रे करते रहें. गुलाब, गुड़हल और अन्य फूलों को फंगस से बचाने के लिए दवा भी उपलब्ध है.

## पत्थरों की दीवार बनाकर की जा रही घेराबंदी

# प्रशासन बना मूकदर्शक

• प्रथम पृष्ठ का शेष

जिस पर कस्बा जीरन के सर्वे नं. 812/1 मिन-17 में से रकबा 15.926 हेक्टेयर भूमि जो कि नोईयत पहाड़ है, जिसमें से एक हेक्टेयर भूमि आवंटित करना प्रस्तावित किया गया।

कलेक्टर नीमच ने विवेचना के आधार अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार जीरन एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उपखण्ड नीमच के प्रतिवेदन से सहमत होते हुए दिनांक 4 जनवरी 2021 को कस्बा जीरन स्थित शासकीय भूमि सर्वे नं. 812/1 /मीन 17 रकबा 15.926 हेक्टेयर. मद पहाड़ में से रकबा एक हेक्टेयर भूमि अनुसूचित जाति प्री-मेट्रिक कन्या छात्रावास भवन निर्माण हेतु आदिम जाति कल्याण विभाग नीमच को आवंटित कर दी गई। लेकिन पिछले तीन साल से आदिम जाति कल्याण विभाग ने आवंटित जमीन पर न तो सीमांकन किया न ही इसे अपने कब्जे में लिया।

मोके की ताक में बैठे जमीन चोट्टो ने अपने सपनो का हवामहल खडा करने की मंशा से पत्थरो की दीवार बनाकर घेराबंदी कर रखी है। राजस्व की 15 हेक्टेयर में से अधिकांश जमीन पर अवैध अतिक्रमणकारियो ने कब्जा कर खेत काट लिए है बाकी जमीन पर प्लाट काटकर बंगले बनाने की योजना बनाइ जा रही है।



## म.प्र.मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष श्री ममतानी व सदस्य श्री टंडन 14 को नीमच में

• गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क

**नीमच।** म.प्र.मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष श्री मनोहर ममतानी एवं सदस्य श्री राजीव कुमार टंडन 14 मार्च 2024 को रात्रि 8.30 बजे नीमच आएंगे। आयोग के अध्यक्ष व सदस्य 15 मार्च को प्रातः 10 बजे जिला जेल नीमच का निरीक्षण करेंगे और प्रातः11 बजे कलेक्टोरेट कार्यालय के सभागार में नीमच जिले के मानव अधिकार आयोग में लंबित प्रकरणों पर सुनवाई करेंगे। म.प्र.मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष व सदस्य 15 मार्च को दोपहर 2 बजे कार व्दारा नागदा (उज्जैन) के लिए प्रस्थान करेंगे।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के पंजीयन की तिथि 16 मार्च तक बढ़ाई गई

• गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क

**नीमच।** मध्य प्रदेश शासन खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा रबी विपणन वर्ष 2024 25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन की तिथि 10 मार्च से बढ़कर 16 मार्च कर दी गई है इस संबंध में सभी संबंधितों को निर्देश जारी किए जा चुके हैं किसान भाई गेहूं उपार्जन के लिए अपना पंजीयन अब 16 मार्च तक करवा सकेंगे

**कार्यालय नगर परिषद डीकेन जिला नीमच म.प्र.**
**OFFICE NAGAR PARISHAD DIKEN DIST-NEEMUCH (M.P.)**
Email :- cmodiken@mpurban.gov.in
क्रमांक- 523/ उपभोक्ता/2023-24

Ward No. 04 Neemuch Singoli Road, Near To Police Choki- Diken - 458226 Tel. 07420-257532
डीकेन दिनांक 07/03/2024

## ::-सार्वजनिक सूचना-::

नगर के सम्मानीय नागरिकों को सूचित किया जाता हैं कि मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 522 भोपाल दिनांक 29.12.2021 की अधिसूचना क्रमांक 25 एफ 1-250/2020/18-3 मध्यप्रदेश नगरपालिका निगम अधिनियम 1956 क्रमांक 23 सन् (1956) की धारा 127-ख के साथ पठित धारा 355 एवं 356 द्वारा अंतर्गत मध्यप्रदेश नगरपालिका (जल प्रदाय, मलजल तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सेवाओं के लिए उपभोक्ता प्रभार) नियम, 2020 के अंतर्गत उपभोक्ता प्रभार में वृद्धि किये जाने हेतु परिषद संकल्प क्रमांक 148 दिनांक 06.03.2024 में दी गई स्वीकृति अनुसार जलकर एवं जल-मल तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत आदि आगामी वित्तीय वर्ष में दिनांक 01.04.2024 में नवीन वृद्धि होने तक दरों में वृद्धि की जाती हैं।

**वर्ष 2024-25 में जलकर उपभोक्ता प्रभार शुल्क अंतर्गत नवीन प्रभावशील दरें :-**

| क्र. | जलकर प्रकार | प्रचलित दर | 01.04.2024 से प्रभावशील दर रू. प्रति माह |
|---|---|---|---|
| 1 | घरेलु | 60 | 80 |
| 2 | व्यवसायिक | 175 | 200 |
| 3 | ओद्योगिक | 290 | 320 |
| 4 | वाटर टेंकर(फाईटर) | 350 | 400 |
| 5 | वाटर टेंकर(स्टेण्ड पोस्ट) | 230 | 300 |

**वर्ष 2024-25 में अन्य प्रभार शुल्क नवीन प्रभावशील दरें:-**

| क्र | शुल्क का प्रकार | वर्तमान प्रचलित दर | 01.04.2024 से प्रभावशील दर |
|---|---|---|---|
| 1 | भवन निर्माण कार्य में उपयोग होने वाला मलबा शुल्क | – | 15/– प्रति वर्गफीट |
| 2 | मृतक नामांतरण /रजिस्टर्ड नामांतरण में तीन माह बाद सूचना देने पर | रजिस्ट्री लागत का 0.05 प्रतिशत | रजिस्ट्री लागत का 01 प्रतिशत |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद डीकेन**

आभार






**श्री तिलस्वा महादेव मंदिर ट्रस्ट** द्वारा तीन दिवसीय महाशिवरात्रि मेले में सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, पुलिस प्रशासन एवं प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रुप से सहयोग करने वाले नागरिक बंधुओं का

हार्दिक आभार

आभारकर्ता :-



इं. कन्हैयालाल धाकड़
पूर्व जिला प्रमुख एवं
ट्रस्ट संरक्षक



रमेश अहीर
अध्यक्ष
तिलस्वा महादेव मंदिर ट्रस्ट



मांगीलाल धाकड़
(बीमा एजेन्ट) महासचिव
तिलस्वा महादेव मंदिर ट्रस्ट

आखिर क्यों नगर पालिका में नई परिषद का गठन होने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा ने परिषद से नगर पालिका के भूमि संबंधित प्रकरणों में अधिवक्ता बदलने का अधिकार प्राप्त कर लिया था। स्वाति चोपड़ा ने अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए स्थानीय न्यायालय सहित हाई कोर्ट में वकीलों को बदला और नपा को केस करवाने का काम किया है। इसका बड़ा उदाहरण सिंधी कॉलोनी की वह 120 करोड़ रुपए कीमती जमीन है जिसका प्रकरण पिछले कई सालों से हाई कोर्ट में प्रचलित था लेकिन वकील बदलने के बाद नगर पालिका केस हार गई। इस बात ने स्पष्ट कर दिया कि आखिर नगर पालिका अध्यक्ष बनने को लेकर स्वाति चोपड़ा के क्या मंसूबे हैं।

### नपा में नेता प्रतिपक्ष योगेश प्रजापति ने लगाए नपाध्यक्ष पर गंभीर आरोप

# नपा जमीनों को खुर्दबुर्द करने का हो रहा काम

· गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क

**नीमच**। यह आरोप नपा में नेता प्रतिपक्ष योगेश प्रजापति ने मय सबूत के लगाए है। उन्होंने बताया कि 2007 में सिंधी कॉलोनी स्थित सिंधी विस्थापितो के लिए आरक्षित भूमि को मंदसौर निवासी शंकरलाल प्रेमचंद को एक्सचेंज भूमि के नाम पर विस्थापित विभाग ने आवंटित कर दी थी। तत्कालीन नपा परिषद में इस कार्रवाई का विरोध हुआ था और 2008 में नगर पालिका ने शंकर लाल को भूमि आवंटन के विरुद्ध हाई कोर्ट में वादा किया था तब से मामला हाई कोर्ट में विचाराधीन था लेकिन हाई कोर्ट से निर्णय आने के पूर्व ही शंकर लाल ने प्रश्न दिन भूमि को सांठगांठ किसी सुधीर शर्मा नामक व्यक्ति को बेच दी और उसके बाद प्रश्न दिन भूमि के टुकड़े कर नपा वर्तमान लोक निर्माण सभापति मनोहर मोटवानी के परिवार के सदस्यों के नाम 9 रजिस्ट्रियां

कर दी गई, जबकि साल 2007 में शंकर लाल को प्रश्न दिन भूमि के आवंटन पर सबसे पहले विरोध दर्ज करने वाला व्यक्ति तत्कालीन पार्षद मनोहर मोटवानी ही था।

नेता प्रतिपक्ष योगेश प्रजापति ने बताया कि जब यह मामला मीडिया के संज्ञान में आया तो नई परिषद का गठन होने के बाद दिसंबर 2022 में यह मामला सुर्खियों में आया था। प्रजापति ने बताया कि तब मैंने न्यायालय में अधिवक्ता बदलने की प्रक्रिया का विरोध किया था और उक्त मामले में तत्कालीन नगर पालिका सीएमओ श्रीमती पाटीदार ने भी प्रकरण में वकील बदलने के पत्र पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया था इसके बाद रातों-रात श्रीमती पाटीदार के स्थान पर नए सीएमओ श्री गहरवाल को नीमच पद स्थापित कराया गया था। नए सीएमओ की पद स्थापना के विरुद्ध श्रीमती पाटीदार ने हाईकोर्ट की शरण ली थी इसके बाद शासन ने गहरवाल को रतलाम पदस्थ कर दिया था। उसके बाद सीएमओ श्रीमती पाटीदार से सांठगांठ कर हाई कोर्ट में अधिवक्ता को बदल गया, जिसका मुद्दा भी मैंने उठाया था और वर्तमान में हालात यह है कि नगर पालिका हाई कोर्ट में केस हार गई है।



### 5 माह पहले आ चुका है फैसला

## नपा ने नहीं की अपील

नेता प्रतिपक्ष श्री प्रजापति ने बताया कि वह आरंभ से ही आरोप लगाते रहे की वकील बदलने के नाम पर नपा जमीनों को खुर्दबुर्द करने का काम किया जा रहा है, जिसका एक उदाहरण पूर्व में स्थानीय न्यायालय में देखने को मिल चुका है और अब दूसरा बड़ा उदाहरण हाई कोर्ट में देखने को मिल चुका है जहां नगर पालिका ने जानबूझकर वकीलों को बदल 120 करोड़ रुपए कीमती भूमि को खुर्दबुर्द करने का काम कर दिया है। श्री प्रजापति ने आरोप लगाया कि सिंधी कॉलोनी की भूमि के मामले में हाई कोर्ट का निर्णय पहले आ चुका है जिसका खुलासा नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ ने नहीं किया है। जबकि फैसला आने के बाद 50 दिन में रिव्यू पिटीशन लगाने का अधिकार नगर पालिका को था लेकिन नगर पालिका अध्यक्ष को तो जमीन को खुर्द बुर्द करना था।

## नगरपालिका अध्यक्ष से उठा भाजपा पार्षदों का विश्वास

जब से परिषद बनी है आए दिन कोई न कोई घोटाले नगर पालिका में निकले रहे हैं। चाहे वह कुत्ता नसबंदी घोटाला हो रहे हैं, फ्लेक्स घोटाला हो, या लोक निर्माण शाखा घोटाला हो। स्ट्रेचिंग ग्राउंड का घोटाला हो। हर जगह नगर पालिका अध्यक्ष व सभापति नगर पालिका को आर्थिक नुकसान पहुंचाने में लगे हैं। श्री प्रजापति ने कहा कि नगर पालिका के हालात ऐसे हो चुके हैं कि नगर पालिका पर न तो विधायक का अंकुश है, और ना ही सांसद का। ऐसा लगता है की जमीन घोटालो में सब की भूमिका वह हिस्सेदारी है। प्रजापति ने बताया कि आखिर नगर पालिका अध्यक्ष ने पार्षदों क्यों नहीं बताएगी सिंधी कॉलोनी वाली भूमि का केस नगर पालिका हाई कोर्ट में हार चुकी है। श्री प्रजापति ने कहा कि हालत यह रहेगी मुझे मेरे विश्वसनीय सूत्रों ने बताया कि जमीन के मामले को तो पांच माह पहले ही नगर पालिका ने हाई कोर्ट में निपटा दिया है और पराजय का हार पहन लिया है। नेता प्रतिपक्ष श्री प्रजापति ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष से तो भाजपा पार्षदों का विश्वास उठ चुका है। परिषद के अंदर भाजपा पार्षदों की नहीं सुनी जा रही है। भाजपा पार्षद ही आरोप लगा रहे हैं कि नगर पालिका अध्यक्ष सिर्फ जमीनों के खेल व भ्रष्टाचार कर रही है। करोड़ रुपए खर्च करके नगर पालिका अध्यक्ष की सीट हासिल की है। अब रुपए नगर पालिका को नुकसान पहुंचा कर उसकी वसूली कर रहीं हैं।

## हाई कोर्ट में हारने के बाद जमीन को बचाने सुप्रीम कोर्ट चली गई थी नपा

नेता प्रतिपक्ष योगेश प्रजापति ने बताया कि पूर्व परिषद में नगर पालिका स्टेशन रोड पर चमड़ा कारखाने के सामने स्थित योजना क्रमांक ए-1 पर आधिपत्य का केस हाई कोर्ट की डबल बेंच में हार गई थी, उसके बाद भी तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष राकेश पप्पू जैन और उनकी परिषद ने हर नहीं मानी और पक्ष विपक्ष के पार्षदों को एक मत कर सुप्रीम कोर्ट में अपील की तथा फैसला नपा के पक्ष में आया और आज करोड़ों रुपए कीमती भूमि नपा के आधिपत्य में है, लेकिन सिंधी कॉलोनी की भूमि के मामले में तो नपा अध्यक्ष ने वकीलों को बदल भूमि को खुर्द बुर्द करने में अहम भूमिका निभाते हुए ही अपनी नियत को स्पष्ट कर दिया है कि वह नगर पालिका अध्यक्ष रहते हुए नपा की जमीनों को खुर्द बुर्द करने का काम ही करेगी।

### सरपंच सचिव से मिलकर सरकारी जमीन हड़पने का मामले में

# जांच के बाद भी दोषियों पर कार्यवाही नहीं

· गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क

### जनसुनवाई में फिर उठा मुद्दा, एसडीएम को दिए कार्यवाही के निर्देश

**नीमच**। जिले के जीरन तहसील की भाटखेड़ा पंचायत के ग्राम हनुमंतिया व्यास की ग्राम आबादी की सर्वे न.134पे.(134/3) रकबा 0.80हे. मे एक ही परिवार ने तत्कालिन सरपंच व सचिव से मिलकर, शासकीय भूमि हड़पने के उद्देश्य से ,कूटरचित दस्तावेज तैयार कर, बिना एसडीएम से ले- आउट पास करवाए 2-2 हजार वर्गफिट के 3 फर्जी पट्टे आवंटित करवा लिए जो की म.प्र.भू राजस्व सहिंता की धारा 244 के नियम 10 के विपरित है , भुखंड क्र. 1 वीरेन्द्र ओम प्रकाश अहीर, भूखंड क्र. 2 शांति देवी ओम प्रकाश अहीर और भूखंड क्र. 3 जितेंद्र ओम प्रकाश अहीर और उसपर अवैध निर्माण अनुमति लेकर 9858 वर्गफिट पर बना दिया 2 करोड़ का अवैध बंगला जिसका नाम ओम शांति निवास है। दर्शन शर्मा अधिवक्ता की शिकायत पर IAS श्री सृजन वर्मा ने ईमानदारी से जांच की ओर 132 पेज की जांच 02/05/2023 को ही सीईओ जिला पंचायत को पेश की , उस पर आगामी कारवाही हेतु एसडीएम नीमच ममता खेड़े को निर्देशित किया परंतु आज दिनांक तक दोषियों पर कोई भी कारवाही नही हुई । दिनांक 12/03/2024 को जनसुनवाई मे दर्शन शर्मा अधिवक्ता कि शिकायत पर नीमच कलेक्टर दिनेश जैन ने एसडीएम ममता खेड़े को तत्काल प्रभाव से कारवाही करने के निर्देश दिए। उक्त भूमि घोटाले मे एसडीएम नीमच तत्काल एफआईआर दर्ज करवाने और सख्त कारवाही हेतु योग्य आदेश जल्द ही जारी कर सकती है।

Powered by isba GROUP

Since - 2006

# Patwa Academy for Education

EDUCATION **FULL OF LIFE**

**Best School Campus of Neemuch**



# Admissions Open

**PLAY GROUP TO IX & XI**

**NOTE : QUALIFYING AGES AND CURRICULUM AS PER NEP**

- CCTV Camera
- Transport Facility
- Boys Hostel Facility

**EX-STUDENT TESTOMONIALS**



**Dr. AYUSH PATIDAR**
(Pursuing MBBS From AIMS DEWAS)

I would like to thank my school for constant support they provided me during my journey , teachers supported me in every way they could from studies to stay physically fit . Its hostel are good enough in food , maintenance much friendly. School has helped me to excel in everything be it academics, sports socially and much more.They have well qualified teachers in every stream. I will be forever thankful to PATWA ACADEMY.



**Raj Sharma**
(IIT Indore)

The patwa academy is a fantastic school. Teachers, staff and extracurricular activities are great. I recommend the Patwa Academy to everyone who wants to have a wonderful experience .



**KULDEEP PATIDAR**
(Chartered Accountant)

My experience with the school has been amazing and life changing. Here, The teachers have helped me to polish my skills. I myself didn't feel to join tutions as the conceptual clarity gained is the most commendable . The school provides the perfect combination of Mental and physical development.

isba GROUP

**Patwa Academy for Education**

(CBSE Affiliation No. 1030327)

Campus : Chitakhera Road, Opp. Air Strip, Neemuch (M.P.)
Mob. 7073817600, 9301026305

Our Website : www.patwaacademy.in

स्वामी प्रकाशक राजेश लक्षकार के लिए मुद्रक प्रेमप्रकाश जैन के द्वारा नाकोड़ा ग्राफिक्स सिस्टम एण्ड प्रिंटर्स, 129, विकास नगर, नीमच (म.प्र.) से मुद्रित कर 51 पीपल चौक जीरन, जिला-नीमच से प्रकाशित। **सम्पादक - राजेश लक्षकार***